## खबर संक्षेप

### दमुआ में थाना परिसर में रोपे गए पौधे



**दमुआ।** अनुष्का एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी संबंधता मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा एक पेड़ मां के नाम थाना दमुआ परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत थाना दमुआ में किया गया। अध्यक्षा जीतिका विश्वकर्मा द्वारा बताया गया क्या हमारी प्रकृति हमारी धरोहर है पर्यावरण की विशेष महत्वता हमारे समाज के लिए वरदान है । थाना प्रभारी यादव जी ने भी एक पेड़ मां के नाम अभियान में बढ चढ़कर के हिस्सा लिया जिसमें नीम आंवला आम जामुन कटहर करंजी पीपल व अन्य 100 पौधों का रोपण किया गया इस अवसर पर दमुआ थाना प्रभारी श्रीमान प्रेम लाल यादव जी डेहरिया जी हितेंद्र जी व थाना स्टाफ दमुआ छबिलाल मालवीय जी व अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

### नगरपालिका में रोजगार मेले आज

**छिन्दवाड़ा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला पांढुर्णा के संस्था प्रमुख ने बताया कि कौशल विकास संचालनालय म.प्र. शासन शासकीय आईटीआई पांढुर्णा के तत्वावधान में पांढुर्णा कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा की अध्यक्षता में 19 जुलाई 2024 को लक्ष्मी स्मृति भवन नगरपालिका पांढुर्णा में जिला रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेश एवं देश की कम्पनियां युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये सम्मिलित हो रही हैं। उन्होंने जिले के इच्छुक बेरोजगार युवाओं से अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ 19 जुलाई 2024 को लक्ष्मी स्मृति भवन नगरपालिका पांढुर्णा में प्रातः 10 बजे उपस्थित होने के लिये कहा है ।

### उभेगांव में एक मौत के बाद भी अलर्ट नहीं हुआ प्रशासन

# गांव में पैर पसार रहा डेंगू, कागजों में अलर्ट हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

बारिश के आते ही जिले में जगह जगह डेंगू पसारने लगा है। डेंगू के प्रति जागरूकता का अभाव कहे या गंदगी का आलम।इस रोग के बढ़ाने में मच्छर के लार्वा थमे पानी में फल फूल रहे है। नगरपालिकाओं, नगरपरिषद, और निगम की स्वास्थ्य टीमें नियंत्रण का प्रयास तो कर रही है परंतु ना काफी संसाधनों से नियंत्रण करना महज कागजी घोड़े दौड़ाना है। स्वास्थ्य विभाग और नगरीय प्रशासन की टीमें डेंगू के नियंत्रण कर पाने में ऐढ़ी चोटी का जोर तो लगाने का प्रयास कर रही है। इस मुहिम में नागरिकों को स्वयं जागरूक होने की बेहद आवश्यकता है। वहीं जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम ऊभेगांव में बीते दिनों हुई महिला की मौत से सनसनी फैल गई है। उभेगांव में डेंगू की दस्तक की खबर से जहां गांव के रहवासियों की नींद उड गई है वहीं स्वास्थ्य अमले ने मौके पर पहुंचकर लार्वा नष्ट करने की कार्यवाही शुरू की। बताया जा रहा है कि यहां पर एक महिला की मौत से लोग परेशान हो गए। इस महिला को तेज बुखार के लक्षण थे। लोगों का कहना है कि मौत डेंगू से हुई है। उधर इस तरह मौत होने से गांव में दहशत का माहौल फैला हुआ है।



#### डेंगू बुखार के लक्षण

अचानक तेज बुखार (105 डिग्री), गंभीर सिरदर्द, आँखों के पीछे दर्द, गंभीर जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, थकान, जी मिचलाना, उल्टी आना, दस्त होना, त्वचा पर लाल चकत्ते, जो बुखार आने के दो से पांच दिन बाद दिखाई देते हैं, हल्का रक्तस्राव (जैसे नाक से खून बहना, मसूड़ों से खून आना, या आसान चोट लगना)

#### डेंगू बुखार की रोकथाम कैसे करें?

मच्छरदानी का प्रयोग करें, यहाँ तक कि घर के अंदर भी। जब बाहर हों, तो लंबी बाजू की शर्ट और मोजे में लंबी पैंट पहनें। घर के अंदर, यदि उपलब्ध हो तो एयर कंडीशनिंग का उपयोग करें। सुनिश्चित करें कि विंडो और डोर स्क्रीन सुरक्षित हैं और छिद्रों से मुक्त हैं। यदि सोने के क्षेत्र में स्क्रीनिंग या वातानुकूलित नहीं है, तो मच्छरदानी का उपयोग करें। अगर आपको डेंगू के लक्षण हैं, तो अपने डॉक्टर से बात करें। मच्छरों की आबादी को कम करने के लिए उन जगहों से छुटकारा पाएं जहां मच्छर पनप सकते हैं। बाहरी पक्षी स्नान और पालतू जानवरों के पानी के व्यंजनों में नियमित रूप से पानी बदलें, बाल्टियों से स्थिर पानी को खाली करें।

### 40 दिनों तक होंगे धार्मिक कार्यक्रम

## श्री झूलेलाल चालीसा उत्सवः आज से दूध से होगा भगवान का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

श्री झूलेलाल चालीसा सेवा समिति और पूज्य सिंधी पंचायत मिलकर छिंदवाड़ा में श्री झूलेलाल चालीसा उत्सव मनाने जा रहें हैं। इस उत्सव का शुभारंभ 19 जुलाई दिन शुक्रवार को सुबह 8 बजे होगा। मोहन नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में भगवान झूलेलाल जी का दूध से अभिषेक होगा और ज्योत जलाई जाएगी। भजनों-कीर्तन और अरदास के माध्यम से सिंधी समाज भगवान झूलेलाल जी से छिंदवाड़ा सहित पूरे विश्व की सुख-शांति और सम्रद्धि की कामना करेगा। साथ ही छिंदवाड़ा में अच्छी बरसात की मंगल कामना भी की जाएगी। श्री झूलेलाल चालीसा के दौरान रोजाना सुबह-शाम झूलेलाल मंदिर में आरती और पल्लव होगा। इन चालीस दिनों में देश के नामी संतों और भजन मंडलियों का छिंदवाड़ा आगमन होगा और मोहन नगर स्थित सिंधु भवन में सत्संग-भजन-कीर्तन होंगे। भगवान श्री झूलेलाल जी के मंदिर में चालीसा व्रत महोत्सव का आयोजन 19 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त को सम्पन्न होगा। खास बात यह है कि चालीसा के दौरान हर शुक्रवार सुबह 9 बजे बहराणा साहिब की पूजा की जाएगी और रात 9 बजे आरती के बाद साढ़े 9 बजे दीपदान किया जाएगा। हर शुक्रवार की रात झूलेलाल मंदिर में भंडारे का आयोजन भी होगा। पिछले 16 वर्षों से यह व्रत छिंदवाड़ा के इस प्रसिद्ध मंदिर में मनाया जा रहा है और हर साल 100- 120 भक्त इस व्रत को रखते हैं, यह विश्वास करते हुए कि भगवान श्री झूलेलाल उनकी सभी इच्छाओं को पूरा करेंगे। छिंदवाड़ा में श्री झूलेलाल चालीसा का यह 17 वां साल है।

## हरिभूमि की खबर के बाद खनिज निरीक्षक ने 11 ट्राली रेत की जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया




क्रोसी नेता को तामिया छिंदी के भाजपाइयों का मिल रहा रेत की चोरी में संरक्ष
एनजीटी की मनाही- मुख्यमंत्री के निर्देश के
वजूद पांडूपिपरिया में लग रही है रेत की मंडी

तामिया तहसील के हर नदी नालों में रेत का अवैध उत्खनन लगातार होता चला रहा है जिसका समाचार हरिभूमि लगातार प्रकाशित करता चला रहा है।जिसकी खबर के बाद खनिज निरीक्षक कुछ दिनों पूर्व चावल पानी के पास रैत के ढेर की जब्ती बनाई थी। बावजूद चावल पानी की दूधी नदी में रेत का खनन लगातार जारी है। वहीं कुआं बादला देलाखारी कुर्सी ढाना जामुन ढोगा वागई सहित सभी नदी नालों में एनजीटी की रोक के के बाद भी रेत का खनन जारी है जिसका समाचार हरिभूमि ने आज के अंक में पांडु पिपरिया में लगती है रेत की मंडी का समाचार सचित्र प्रकाशित किया था जिसका जिला कलेक्टर ने संज्ञान में लेकर खनिज निरीक्षक को निर्देश दिए की कार्यवाही करें। तामिया तहसील की खनिज निरीक्षक ने खबर के बाद आज पांडू पिपरिया में 11 ट्रॉली रेत जप्त की ओर जप्त रेत को ग्राम पंचायत को सौपा। खनिज निरीक्षक की एक पक्षिय जब्ती की कार्यवाही पर सवाल खड़े होने लगे हैं कि पांडू पिपरिया में मुख्य मार्ग पर निजी प्लांट पर रेत का भंडारण जप्त हो और उस पर एक पक्षीय रेत जप्त करने से खनिज निरीक्षक की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जबकि प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज अधिनियम के तहत रेत वीरान एवं शासकीय भूमि पर हो लेकिन पांडू पिपरिया में तो जो रेत पड़ी है, उसके भूमि स्वामी पर कार्रवाई होनी चाहिए थी। लेकिन खनिज निरीक्षक ने एक पक्षीय कार्रवाई कर खनिज अधिनियम पर ही सवाल खड़े कर डाले हैं। इस तरह आज हुई जब्ती से रेत चोरों की सेहत पर कोई असर पढ़ने नहीं वाला है क्योंकि उन्हें पता चल गया की का भंडारण पकड़े जाने की स्थिति में हम साफ बच जाएंगे।खनिज निरीक्षक तामिया तहसील का कहना है कि आज पांडू पिपरिया में 11 ट्रॉली रेत मलिक का पता नहीं चलने की दशा में एक पक्षीय जब्ती कर प्रकरण बनाया गया। कँआ बादला की ओर से लगातार रेत के वाहन निकल रहे हैं जिस पर उनका कहना है कि शीघ्र ही रेत चोरी के वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

## दयानंद ने नल वॉल आपरेटरों को दी बरसाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



समाजसेवी दयानंद चौरसिया विगत लंबे समय से समाजसेवा से जुड़े हुये हैं, और गरीब, जरूरमंदों की सेवा के साथ-साथ मूक पशुओं की सेवा करते भी उन्हे देखा जा सकता हे । आज उनके द्वारा बारिस में भीगते देख नगर निगम में कार्यरत नल खोलने वाले वॉल आपरेटरों एवं निगम के कुछ कर्मचारियों को बारिश से बचने हेतु बरसातियों का वितरण किया गया । दरअसल यह कर्मचारी शहर के समस्त वार्डों मैं हर घर में पानी पहुंचने का काम करते हैं ठंड हो या गर्मी या फिर बरसात ये मौसम की परवाह किए बगैर अपना काम समय पर पूर्ण करते हैं । समाजसेवी दयानंद चौरसिया ने बताया कि वे विगत दिनों पूर्व शहर में सुबह की सैर करने के लिए निकले तभी अचानक उन्हे कुछ नल खोलने वाले निगम कर्मियों को भीगते हुये देखा और कुछ कर्मचारियों को प्लास्टिक की पन्नी पहने हुये तब उन्होंने इन जरूरतमंद कर्मचारियों को बारिस से बचाव हेतु बरसाती देने का निश्चय किया और आज निगम के नल चालकों सहित अन्य कर्मचारियों को इस तरह से लगभग 20 कर्मचारियों को बरसाती भेंट की ।

### जिले में अभी तक 348.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 348.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 487.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 18 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 25.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 18 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 03, मोहखेड़ में 62.2, तामिया में 50, अमरवाड़ा में 45, चौरई में 04, हर्रई में 15.4, बिछुआ में 42, परासिया में 3.1, जुन्नारदेव में 33.2, चांद में 17.8 और उमरेठ में 4.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 283.5, मोहखेड़ में 495.8, तामिया में 361, अमरवाड़ा में 490.8, चौरई में 352.6, हर्रई में 256.6, बिछुआ में 405.8, परासिया में 263.9, जुन्नारदेव में 247.2, चांद में 456 और उमरेठ में 224.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## माहेश्वरी महिला मंडल बैठक में संगठन मजबूती पर हुई चर्चा, पदाधिकारियों का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर के केसरबाई चांडक भवन में माहेश्वरी समाज महिला मंडल की प्रदेश स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत के साथ किया गया आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में माहेश्वरी समाज महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रंजना बाहेती, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अनीता जावंदिया,सचिव जबलपुर राजश्री राठी, जबलपुर संभाग उपाध्यक्ष संगीता राठी,सुचिता राठी,सुनीता झंवर,मोना मालानी,मंजरी गोदानी, का कुमकुम तिलक मौली लगाकर रेखा राठी रश्मि डागा स्वागत किया। स्वागत गीत प्रतिभा चांडक गुंजन राठी सुनीता बागानी ने गाया,महेश वंदना सुचिता बागानी मोनिका भट्टड़ कार्यक्रम का संचालन श्वेता बागानी मोनिका ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रंजना बाहेती ने संपूर्ण प्रदेश देश माहेश्वरी समाज महिला मंडल की ओर से संचालित कार्यक्रमों आदि के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए समाज की एकता बढ़ाने के लिए समाज से जुड़ी गतिविधियों कार्यक्रम निरंतर चलते रहना चाहिए। हमारा संगठन एक परिवार है परिवार में कभी कोई छोटा कोई बड़ा नही होता है जिस वजह से सामाजिक गतिविधियों में उतार चढ़ाव आते हैं।

## बुद्ध विहार में महिला मंडल वर्षावास समारोह कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



नगर में रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल सौसर की ओर से वर्षावास प्रारंभ समारोह का आयोजन 21 जुलाई रविवारा को वार्ड नं 11 बुद्ध विहार सौसर में किया जा रहा है। रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल सौसर से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 21 जुलाई रविवार को वर्षावास प्रारंभ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। वर्षावास प्रारंभ समारोह में मध्यप्रदेश भिक्खु संघप्रदेश अध्यक्ष भदत सारीपुत्रजी की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न होगा। वर्षावास कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक बुद्ध वंदना, भिक्खु संघ के स्वागत सत्कार के साथ में किया जाएगा। वर्षावास कार्यक्रम के दौरान बौध्द विहार में प्रतिदिन शाम को 7 बजे से सामूहिक बुद्ध वंदना,बुध्द और उनका धम्म का वाचन,धम्म देशना का तीन माह तक की जाएगी। वर्षवास समापन पर परित्राण पाठ, सांस्कृतिक प्रबोधन एवं भोजन दान आदि कार्यक्रम के साथ समापन किया जाएगा। रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल पदाधिकारियों की ओर से सभी समाज बंधुओ से तीन माह तक चलने वाले इस वर्षवास कार्यक्रम में प्रतिदिन शाम को 7 बजे बौद्ध विहार में पहुंचने की अपील की है।

## कनक बिहारी आश्रम से साध्वी ने उड़ाए 90 लाख

### स्टेट बैंक मैनेजर से मिलीभगत कर बैंक ने कर दिया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




अयोध्या के श्री राम मंदिर निर्माण के लिए एक करोड़ का दान देने वाले छिन्दवाड़ा के संत रघुवंश शिरोमणि कनक बिहारी महाराज के आश्रम की साध्वी लक्ष्मी ने उनके लोनिकला आश्रम के स्टेट बैंक चौरई शाखा के खाते से 90 लाख की बड़ी रकम उड़ा ले गई है। स्टेट बैंक मैनेजर पंकज शर्मा से सांठ-गांठ कर साध्वी ने बिना उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र के ही यह राशि निकाल ली और अब गायब है। अब उनके दर्शन विदिशा आश्रम में हो रहे हैं ना ही छिन्दवाड़ा के आश्रम में। खास बात यह भी है कि साध्वी लक्ष्मी के बारे में आश्रम के लोग भी ज्यादा नहीं जानते हैं। घटना की रिपोर्ट लोनिकला आश्रम के महंत श्याम दास ने चौरई थाना में की है। संत कनक बिहारी महाराज का एक साल पहले अयोध्या से लौटते समय सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। उन्होंने अपने जीते जी ही श्याम दास को आश्रम का संत कनक बिहारी महाराज उतर्राधिकारी घोषित कर दिया था। उनके ब्रम्हलीन होने के बाद से महंत श्याम दास आश्रम की व्यवस्था संचालित कर रहे है। संत कनक बिहारी महाराज का छिन्दवाड़ा जिले की चौरई तहसील के ग्राम लोनिकला में करीब दौ सौ एकड़ भूमि पर आश्रम और श्री राम जानकी मंदिर है। पूरे देश का रंघुवंशी समाज बड़े पैमाने पर उनसे जुड़ा है। हर साल दान में मिली करोड़ो की राशि से वे यज्ञ, भंडारा सहित मन्दिर और आश्रम संचालन साध्वी लक्ष्मी करते थे। दान में मिली राशि को वे बैंक खातों में जमा करवा देते थे। महंत ने बताया कि संत कनक बिहारी महाराज का एक बैंक खाता सेंट्रल बैंक चांद शाखा में भी है। इस खाते के वे नॉमिनी है। स्टेट बैंक चौरई के खाते में कोई नॉमिनी नहीं था। इस खाते में उनके हाथ के जमा 88 लाख रूपए थे जो ब्याज सहित 90 लाख हो गए थे। यह खाता बचत खाता क्रमांक 112732 97 124 है। जो काफी वर्षों से है। इसमे वे किसी को भी नॉमिनी नहीं बना पाए थे। इस खाते का पता लगने पर साध्वी लक्ष्मी ने आश्रम के संज्ञान के बिना बैंक से रकम निकालने की कोशिश की थी। जिस पर बैंक ने नॉमिनी ना होने पर उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र लाने कहा था। जिसके बाद मामल कोर्ट में है। एस बी आई चौरई शाखा के प्रबंधक पंकज शर्मा को प्रकरण की पूरी जानकारी है कि उत्तराधिकार के लिए मामला न्यायालय में लंबित है। इसके बावजूद उन्होंने साध्वी लक्ष्मी को खाते की समस्त राशि 90 लाख का भुगतान कर गबन जैसा बड़ा आपराधिक कृत्य कर दिया है।

## 10 वाहनों से वसूला गया 9 हजार 500 रूपये का जुर्माना

### आरटीओ के जांच दल द्वारा छिंदवाड़ा-मोहखेड़ मार्ग में की गई वाहनों की सघन जाँच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिंदवाड़ा-मोहखेड़ मार्ग में वाहनों की चैकिंग की जानकारी मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 10 वाहनों से 9500 रूपये का जुर्माना लिया गया । वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में भी जांच की जा रही है, जिसमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर 2 वाहनों पर 1000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई । उन्होंने बताया कि वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी जा रही है कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। सभी वाहन स्वामियों को हिदायत दी है कि वे सभी अपने-अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अतिशीघ्र लगवा लें और मोटरयान अधिनियम 1988 के सभी प्रावधानों का पालन करें।

### भारत मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**सौंसर।** गुरूवार को भारत मुक्ति मोर्चा की ओर से कोल्हापुर की घटना को लेकरमहामहिम राष्ट्रपति के नाम सौसर प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समाज में तनाव उत्पन्न करने वाले उपद्रवी तत्वों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।ज्ञापन में भारत मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी नकलकार विजय घाटोड,मोहम्मद खान,सोनू धुर्वे,राजू धुर्वे प्रदीप सोमकुंवर,सेफ अली राजेश इवनाती,राजू बोबडे,नामदेव रंगारे,ने बताया कोल्हापुर महाराष्ट्र में कुछ उपद्रावियों तत्व ने मस्जिद पर हमला मुलनिवासी समाज के घरों पर हमला आगजनी की है।

### जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 22 जुलाई को

**छिन्दवाड़ा।** अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा ने बताया कि जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 22 जुलाई 2024 सोमवार को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में आयोजित की गई है । बैठक में जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की पूर्व बैठक में पारित प्रस्ताव के कार्यवाही पालन प्रतिवेदन, जिला पंचायत छिंदवाड़ा का बजट, मनरेगा बजट वर्ष 2024-25 के संबंध में एवं जिला पंचायत के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में 15वां वित्त एवं टाईड, अनटाईड फण्ड की प्राप्त राशि व व्यय की गई राशि की समीक्षा आदि पर चर्चा की जायेगी ।

### कलेक्ट्रेट कार्यालय में हुई कृषि एवं सह संबध्द विभागों की समीक्षा बैठक

# जीरो टिलेज तकनीक से लगाई मूंग फसल पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कृषि एवं कृषि सह संबध्द विभागों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें विभागवार विभिन्न योजनाओं में लक्ष्यपूर्ति की समीक्षा के साथ ही जिले में खाद एवं बीज की उपलब्धता और खाद्यान्न वितरण की भी समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कृषि वैज्ञानिक, उप संचालक कृषि, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, महाप्रबंधक जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, उपायुक्त सहकारिता, जिला आपूर्ति अधिकारी सहित उद्यानिकी, वेयर हाउस, नागरिक आपूर्ति निगम व सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के अंतर्गत वर्तमान के कार्यों एवं गतिविधियों से उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया । उन्होंने बताया कि खरीफ के अंतर्गत 97 प्रतिशत की बोनी हो चुकी है, कुटकी और रामतिल की बोनी शेष रह गई है। वर्षा की जानकारी के साथ ही उर्वरक भंडारण एवं वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि एनपीके उपयोगकर्ता किसानों के द्वारा उनके खेत में उपयोग के परिणाम की जानकारी प्राप्त करें और डीएपी के उपयोग एवं एनपीके के उपयोग का विश्लेषण प्रस्तुत करें। इसके बाद नगद विक्रय केंद्र में उर्वरकों की उपलब्धता पर चर्चा की गई। उप संचालक कृषि द्वारा जिले में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत लिए गए नमूने एवं प्राप्त विश्लेषण परिणाम से अवगत कराया गया एवं जिले में नाइट्रोजन फास्फोरस पोटाश एवं अन्य माइक्रोन्यूट्रिएंट की स्थिति के बारे में बताया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि किसान स्वाईल हेल्थ कार्ड के परिणामों के अनुसार उर्वरकों का उपयोग कर रहे हैं या नहीं इसका अवलोकन करें। जिले में पहली बार पैडी ट्रांसप्लांटर से धान की तैयार नर्सरी की रोपाई देलाखारी में की गई है, जिससे प्रेरित होकर अन्य किसानों द्वारा पैडी ट्रांसप्लांटर की मांग की जा रही है, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने कृषि में यंत्रीकरण को बढ़ावा दिए जाने के निर्देश दिए गए। इस ग्रीष्मकालीन सीजन में जीरो टिलेज तकनीक से लगाई मूंग फसल के परिणामों पर भी चर्चा की गई।

जीरो टिलेज तकनीक के प्रति जागरूक करने के लिए किसानों के बीच सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

## ब्रम्ह कमल में होता है लक्ष्मी जी का वास, शिवजी को भी चढ़ाया जाता है

# बसंत कॉलोनी में खिले एक साथ 6 ब्रह्म कमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बसंत कॉलोनी निवासी रेलवे से सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमती विजयलक्ष्मी स्वामी के यहां छह ब्रह्म कमल खिले हैं। उनके यहां तुलसी, आवला, केला, बेल, शमी, पुदीना, मीठी नीम आदि के पौधों से बहुत प्यार है इसलिए उन्होंने यह सभी पेड़ अपने घर में लगाए हैं। ब्रह्म कमल अक्सर पत्तियों में खिलता है यह केदारनाथ और उत्तराखंड में अक्सर देखने को मिलता है। यह मानता है कि इसके दर्शन से काफी पूर्ण लाभ प्राप्त होता है। इसके दर्शन करने के लिए यहां लोग पहुंच रहे हैं।मान्यता है कि ब्रह्मा कमल में लक्ष्मी जी का वास होता है। यह 12 वर्षों में एक बार खिलता है। इसे खिलने में तीन-चार घंटे लगते हैं। ब्रह्म कमल किस्मत वालों के घर ही खिलता है। ज्यादा कर ये फूल हिमालय की गोद में खिलता है। हमारे भारत में सबसे ज्यादा केदारनाथ और उत्तराखंड में ब्रह्म कमल खेलते हैं। ब्रह्म कमल शिवजी को भी चढ़ाया जाता है। इससे श्रद्धालुओं की मनोकामना भी पूरी होती है। ब्रह्म कमल के दर्शन के लिए लोग तरसते हैं लेकिन किस्मत वालों को ही इसके दर्शन होते हैं। ब्रह्म कमल का उपयोग पूजा में भी किया जाता है।



## मजदूर कांग्रेस यूनियन के महासचिव बने लक्ष्मीनारायण

**छिंदवाड़ा।** विगत दिवस नागपुर में हुए वर्किंग कमिटी मीटिंग में मजदूर कांग्रेस यूनियन बिलासपुर के महासचिव पद पर सर्व सहमति से चुने गए पीतांबर लक्ष्मीनारायण, केंद्रीय पदाधिकारीगण एवं शाखा सचिव की लिस्ट रेल प्रशासन द्वारा जारी की गई। इस उपलक्ष्य में महासचिव साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस यूनियन बिलासपुर के सम्मान में यूनियन ऑफिस नागपुर में स्वागत समारोह रखा गया, जिसमें सभी 12 शाखाओं के शाखा सचिव, अध्यक्ष एवं एक्टिव कार्यकर्ता शामिल हुए। छिंदवाड़ा शाखा से शाखा सचिव राज किशोर तिवारी एवं कार्यकारी अध्यक्ष संतोष श्रीवास पुष्पगुच्छ देकर महामंत्री जी का स्वागत किया एवं लंबे अरसे बाद नागपुर मंडल के पदाधिकारी को इस पद पर आसीन होने की बधाई प्रेषित किया तथा विश्वास जताया कि पीतांबर के महासचिव चुने जाने से कर्मचारी हित में बहुत ही अच्छे फैसले लिए जाएंगे। इससे न केवल छिंदवाड़ा शाखा अपितु नागपुर मंडल के साथ बिलासपुर एवं रायपुर मंडल के भी कर्मचारियों के हित में फैसले लिए जाएंगे। इस हेतु छिंदवाड़ा शाखा के सभी एक्टिव कार्यकर्ताओं में काफी जोश एवं उत्साह का माहौल है। ज्ञातव्य हो कि 24 एवं 25 जुलाई को कोऑपरेटिव बैंक के चुनाव होने जा रहे हैं। इस हेतु भी सभी डेलीगेट प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता काफी जोश से भरे हुए हैं।

## सर्वार्थ सिद्धि का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के साकेत नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में 1008 तीर्थंकर महावीर स्वामी के 2550 वें निर्वाण महोत्सव वर्ष एवं आध्यात्मिक सत्पुरुष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के पुण्य प्रभावना योग में समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट उदयपुर द्वारा जैन समाज की बालिकाओं को भारतीय संस्कृति, सदाचार, शाश्वत तत्वज्ञान एवं संस्कृत भाषा का परिज्ञान कराने की पवित्र भावना को लेकर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल में अध्ययन करने के लिए बालिकाओं को निःशुल्क आवास एवं भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु सर्वार्थसिद्धि छात्रावास की स्थापना भोपाल में की गई है। जिसका उद्घाटन आषाढ़ शुक्ल अष्टमी को संपन्न हुआ ।समाज सेवी दीपक राज जैन ने बताया कि उद्घाटन समारोह के अध्यक्ष सुरेश जैन आईएएस भोपाल, मुख्य अतिथि प्रोफेसर नीलाभ तिवारी केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, विशेष अतिथि अशोक जैन अध्यक्ष ज्ञानोदय, नरेन्द्रकुमार टोंग्या अध्यक्ष दिगंबर जैन मंदिर साकेत नगर, देवेन्द्रकुमार बड़कुल, महेन्द्रकुमार चौधरी, अजयप्रकाश जैन मंचासीन थे जिनके साथ ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं की उपस्थिति में सर्वार्थसिद्धि के उद्घाटन की घोषणा ब्रह्मचारी हेमचंदजी हेम भोपाल द्वारा की गई।उदघाटन सभा में स्वागत भाषण डॉ. महेश जैन संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा दिया गया इस अवसर पर समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट तथा सर्वार्थसिद्धि का परिचय एवं उसकी आवश्यकता के संबंध में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार शास्त्री उदयपुर ने सभा को अवगत कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर ममता जैन ने किया।इस अवसर पर जिन मन्दिर में मंगलगान के साथ पण्डित ऋषभ कुमार शास्त्री छिंदवाड़ा, पंडित अजीत कुमार मौजूद रहे।

# नेमा क्षारसूत्र संस्थान का पांच दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ रश्मि नेमा जी के हस्ते भगवान धनवंतरि का पूजन कर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर प्रारंभ किया गया । इस शिविर में नेमा क्षारसूत्र संस्थान द्वारा 248 व्यक्तियों की निःशुल्क जांच कर उन्हें निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। सभी अतिथि को औषधीय पौधों एवम औषधि पौधों के बीज का वितरण भी किया । शिविर संचालक डॉ पवन नेमा ने बताया शिविर में जहां हर वर्ग के लोगों ने अपनी स्वास्थ जांच करवाई वही दूसरी ओर जिन लोगों को घातक गुदारोग हुआ था इसमें से अति गरीब मरीजों का 35000/- तक उपचार निशुल्क किया गया। कार्यक्रम सेवा देने वाले सभी स्वास्थ सहायको का सम्मान किया । डॉ रश्मि नेमा, एम.एस. प्रसूति एवं स्त्री रोग, एनआईए जयपुर द्वारा बताया गया की मां बनने का सपना हर औरत देखती है, लेकिन स्वास्थ्य की कुछ समस्याओं के कारण उनका सपना टूट सा जाता है । एक और महिलाएं गर्भधारण करने के लिए आईवीएफ जैसे महंगे इलाज ले रही हैं, वहीं दूसरी और आयुर्वेद के जरिए प्राकृतिक रूप से गर्भधारण भी कर रही है। संस्थान मे अंतिम दिनों में मा को बस्ती थेरेपी दी जाती हैं।नेमा क्षारसूत्र संस्थान के संस्थापक डॉ पवन नेमा ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वात रोग के 68, चर्म रोग के 23, उदर रोग के 8, प्रतिश्याय के 19, अर्श के 28, उच्च रक्तचाप के 102, स्त्रीरोग के 48, मधुमेह के 50, एनीमिया के 2 और अन्य रोगों के रोगियों का उपचार कर उन्हें दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में पंचकर्म यह टेक्निसिय में चाँद भालावी, ममता उइके, आकाश दोडके के द्वारा चिकित्सकीय परामर्श दिया गया ।

## समाज संगठन को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूती हेतु अभियान

**चौरई।** संगठन से संवाद संकल्प के साथ की भावना लेकर गुरुवार को पधारी हमारी महिला मंडल की राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री श्री मति अनिता जी जवंधियाँ प्रदेश अध्यक्ष रंजना जी बाहेती प्रदेश सचिव राजश्री राठी अखिल भारतीय सदस्य सुनीता जी झवर संभागीय उपाध्यक्ष मंगला जी लाखोटिया जिला अध्यक्ष मोना मालानी सचिव मंजरी जी गोदानी स्थानीय अध्यक्ष प्रतिभा महेश्वरी सचिव गुंजन चांडक की प्रमुख उपस्थिति में महिला मंडल की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न हुई! समाज को सुचारु रूप से संघटित करने के लिए संघटन से संवाद संकल्प आदि पर चर्चा की गई संघटन में सभी समान है हम एक परिवार है की भावना से काम करने पर जोर दिया दीप प्रज्जवलन के साथ स्वागत गीत महेश वंदना का गायन हुआ एक पेड़ माँ के नाम की थीम को ले कर वृक्षा रोपण किया गयाइस अवसर पर समाज की महिलाऐ संतोष भट्टर माया राठी सरिता मालानी लता चांडक संगीता महेश्वरी सुलेखा चांडक भारती चांडक रिंकल भट्टर सारिका मालानी प्रीति महेश्वरी शीतल राठी स्वाति चांडक प्राची राठी राधिका मालानी अंकिता चांडक निशा मालानी आदि महिलाऐ उपस्थित रही मंच संचालन पलक महेश्वरी ने किया।





## वार्ड 40 की समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

**छिंदवाड़ा।** वार्ड नंबर 40 की बूथ अध्यक्षों की गत दिवस बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्ड की साफ सफाई, बिजली, पानी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में विनोद कोल्हे, जितू सेमेकर सहित वार्ड 40 के सभी बूथ अध्यक्ष शामिल हुए।

## वैश्य महासम्मेलन के तहसील के अध्यक्ष बने ब्रजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला प्रभारी प्रभुनारायण नेमा बताया कि वैश्य महासम्मेलन प्रदेश महामंत्री विजय झांझरी अनुशंसा पर प्रदेश और जिले सबसे बड़े गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन के विस्तार और कार्ययोजनाओं के उत्कृष्ठ परिणामों के लिए संगठनात्मक व्यवस्था में आंशिक फेरबदल करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनिल सिंघई द्वारा बृजेश कालपीवार को छिंदवाड़ा तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश मंत्री रमेश जाखोटिया बधाई देते हुए कहा कि सफल और सहृदयी व्यवसायी संगठन में कार्य के प्रति समर्पण को दृष्टिगत रखते हुए बृजेश कालपीवार को छिंदवाड़ा तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जे पी नेमा ने बताया कि पूर्व तहसील अध्यक्ष अनिल सिंघई को जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने के उपरांत छिंदवाड़ा तहसील अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था, जिस हेतु बृजेश कालपीवार के कार्यों और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए ने उनका चयन किया गया है। संगठन के द्वारा समय समय पर उन्हें को भी की जिम्मेदारी सौंपी गई उसका उन्होंने के सफलतापूर्वक निर्वहन कर एवं उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए। संगठन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज भारद्वाज ने नवनियुक्त छिंदवाड़ा तहसील अध्यक्ष बृजेश कालपीवार को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि संगठन के प्रति उनका समर्पण की जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है।

## मोटी तनख्वाह पाने वाले सरकारी शिक्षक पढ़ा रहे ट्यूशन

# अफसरों की मेहरबानी पर चल रही ट्यूशन की दुकानें

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



राज्य में सरकारी शिक्षकों के ट्यूशन/कोचिंग पढ़ाने पर पांबदी है. सरकार ने बकायदा इसके लिए आदेश जारी कर रखे है और प्रदेश भर के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित भी किया है. बाजवूद इसके कटंगी शहर में सरकारी शिक्षकों का एक सिंडिकेट काफी लंबे समय से अतिरिक्त आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए बच्चों को अवैध तरीके से ट्यूशन पढ़ा रहा है. गुरूवार की सुबह ऐसे ही तीन सरकारी शिक्षकों को ट्यूशन पढ़ाते हुए स्पॉट किया गया. इन शिक्षकों ने बकायदा स्वयं के ट्यूशन इस्टीट्यूट खोल रखे है जहां वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते है. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाम में पदस्थ शिक्षक नरेन्द्र नेवारे और इसी स्कूल के शिक्षक राजेश पटले को अपने इस्टीटयूट में टॅयूशन पढ़ाते हुए पाया गया. वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जराहमोहगांव में पदस्थ शिक्षक निर्दोष राहंगडाले को छतेरा में घर पर ट्यूशन पढ़ाते हुए स्पॉट किया गया. आपको बता दें कि करीब 02 वर्ष पहले शहर के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं ने ट्यूशन पढ़ाने वाले सरकारी शिक्षकों की विभागीय अधिकारियों से लिखित में शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की थी. जिसे संज्ञान में लेते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी सी.एस.कुसराम ने सबसे पहले इन ट्यूशन सेटरों में दबिश दी और फिर शिक्षकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था. जिसके बाद क्या कार्रवाई हुई इस बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है. मगर, बीते दिनों एक आरटीआई का जवाब देते हुए विकासखंड कटंगी के सभी संकुल प्राचार्यो ने बताया था कि कोई भी सरकारी शिक्षक ट्यूशन या कोचिंग संस्थान संचालित नहीं कर रहा है. इससे एक बात तो साफ जाहिर होती है कि अफसरों यानी संकुल प्राचार्यो की मेहरबानी से ही सरकारी शिक्षक कटंगी में अपने ट्यूशन इंस्टीट्यूट चला रहे है।

**सुबह 06 बजे से शुरू टॅयूशन इस्टीट्यूटः** मिली जानकारी के अनुसार यह तीनों ही सरकारी शिक्षकों के अलावा शहर में और भी अन्य सरकारी शिक्षक सुबह 06 बजे से ही अपना ट्यूशन सेंटर शुरू कर देते है. सुबह से इन ट्यूशन सेंटरों पर बच्चों की भीड़ एकत्रित हो जाती है, जो साढ़े 10 से 11 बजे तक चलती है. इसके बाद शाम से ट्यूशन पढ़ाने का सिलसिला फिर शुरू हो जाता है जो देर शाम तक चलता है. जैसा कि राज्य सरकार का आदेश है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षक ट्यूशन सेंटर संचालित नहीं कर सकते, बावजूद इसके शहर में सरकारी शिक्षक बीते कुछ वर्षो से बेखौफ होकर ट्यूशन सेंटरों का संचालन कर सरकारी आदेश को ठेंगा दिखाकर मोटी कमाई कर रहे हैं. कथित तौर पर इन शिक्षकों को संकुल प्राचार्यो के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी ने भी संरक्षण दे रखा है. जन चर्चा है कि यह सरकारी शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी को हर महीने मोटी रकम रिश्वत के रूप में भिजवाते है. जिस कारण शिकायतों के बाद भी इन शिक्षकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती।

**सीएम राइज और कन्या स्कूल के शिक्षकों पर हो कार्रवाईः** जैसा कि कटंगी शहर में जिन सरकारी शिक्षकों के द्वारा ट्यूशन पढ़ाया जा रहा है. वह विकासखंड के गांवों के स्कूलों में पदस्थ है. मगर, इनके सेटरों में सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटंगी के छात्र-छात्राओं को टॅयूशन पढ़ते हुए देखा गया है. नरेन्द्र नेवारे इंस्टीट्यूट में गणित और भौतिकी शास्त्र, राजेश पटले रसायन शास्त्र और निर्दोष राहंगडाले रसायन शास्त्र की टॅयूशन पढ़ाते है. इन शिक्षकों के पास सीएम राइज के विद्यार्थी और कन्या शाला की छात्राएं आती है. इससे यहां एक सवाल खड़ा होता है कि क्या सीएम राइज और कन्या शाला में उक्त विषयों के शिक्षक बच्चों को कक्षा में ठीक से नहीं पढ़ा रहे है. अगर, वाकई में ऐसा है तो इन दोनों ही स्कूलों के प्राचार्यो को आज ही अपने स्कूल के उक्त विषयों के शिक्षकों को तलब करना चाहिए और पूछना चाहिए कि आखिरकार सरकार से तनख्वाह लेने के बाद वह बच्चों को कक्षा में क्यों नहीं पढ़ा रहे है और उनके बच्चे ट्यूशन लेने क्यों मजबूर है कहां कमी हो रही है और बच्चों को पैसे देकर बाहरी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों से ट्यूशन लेना पड़ रहा है।

**आरटीआई में दी गलत जानकारीः** आपको बता दें कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटंगी कार्यालय से जब यह जानकारी पूछी गई कि कटंगी में कितने शासकीय शिक्षक ट्यूशन या कोचिंग संस्थान संचालित करते है जब इस सवाल का जवाब देते हुए सभी संकुलों के प्राचार्यो ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को बताया था कि उनकी संस्था से जुड़े कोई भी शासकीय शिक्षक ट्यूशन या कोंचिग संस्थान नहीं चलाते. मतलब विकासखंड शिक्षा अधिकारी को संकुल प्राचार्यो ने झूठी जानकारी दी जबकि हकीकत तो यही है कि सरकारी शिक्षक बेखौफ होकर ट्यूशन सेंटर संचालित कर रहे है. यहां यह कहना शायद कतई गलत नहीं होगा कि संकुल प्राचार्य भी ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षकों पर मेहरबान है. बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार को चाहिए कि वह ना सिर्फ जिला शिक्षा अधिकारी बल्कि विकासखंड कटंगी के सभी संकुल प्राचार्यो पर कार्रवाई करे जिनके अधीनस्थ शिक्षक ट्यूशन सेंटर चलाकर व्यवसायिक गतिविधि को बढ़ावा देकर अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे है।

## संतुलित एवं समतापूर्ण विकास को मिलेगा बढ़ावा, म.प्र. की निवेश क्षमताओं से रू-ब-रू होंगे निवेशक

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश में संतुलित और समतापूर्ण विकास की यात्रा आगे बढ़ाते हुए, राज्य सरकार शनिवार 20 जुलाई 2024 को सुबह 09:00 बजे से संस्कारधानी-जबलपुर में "नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक और सूचना केंद्र" में अपना दूसरा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव (क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन) आयोजित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य क्षेत्रीय क्षमता का दोहन कर औद्योगिक विकास में असमानताओं को दूर करना है। जबलपुर क्षेत्र की औद्योगिक क्षमताओं और अवसरों से निवेशकों को रू-ब-रू करवाकर क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है। नवाचारी सम्मेलन का उद्देश्य प्रमुख बाजारों से निवेशकों को एक साथ लाकर, सार्थक चर्चा करके सहयोग को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधियों, नौकरशाहों और प्रमुख विदेशी प्रतिनिधियों सहित 3500 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। आरआईसी में वैधनाथ समूह, आईटीसी, वोल्वो आयशर, बेस्ट कॉर्प, एसआरएफ और दावत समूह जैसे प्रमुख औद्योगिक समूह भाग लेंगे। आरआईसी में ताईवान, मलेशिया, यूके, फिजी, जापान और इंडोनेशिया का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख विदेशी प्रतिनिधि भी इसमें शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वर्चुअली 60 से अधिक इकाईयों का उद्घाटन करेंगे और कार्यक्रम के दौरान उद्योगपतियों के साथ आमने-सामने चर्चा करेंगे। विशिष्ट अतिथि एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य काश्यप और पीडब्ल्यूडी मंत्री श्री राकेश सिंह सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

क्षेत्र की संभावनाओं पर केंद्रित 5 क्षेत्रीय सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें कृषि, खाद्य एवं डेयरी प्र-संस्करण, रक्षा, खनन एवं खनिज, कपड़ा एवं परिधान तथा पर्यटन शामिल है। उद्योग संघों, स्टार्टअप्स और रक्षा, कपड़ा एवं परिधान के विशेषज्ञों के साथ गोलमेज चर्चा भी होगी। सम्मेलन में 300 से अधिक क्रेता-विक्रेता बैठकें और वन-टू-वन चर्चा भी होंगी। निवेशकों को महाकौशल का अनुभव प्रदान करने के लिए जबलपुर एक्सपो और रक्षा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम और नेटवर्किंग डिनर के साथ होगा, जिसमें क्षेत्र की संस्कृति और व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## जिले में 244538 दुधारू पशु, प्रति पशु 2.5 केजी दूध का हो रहा है उत्पादन

# 3 संभाग के 16 जिलो में बालाघाट की दूध समितियों ने पाया स्थान



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दूध उत्पादन के मामलें में बालाघाट जिला 3 संभागों में अग्रणी जिले की पहचान कायम की है। सितंबर 23 में जबलपुर दुग्ध संघ की वार्षिक साधारण सभा में बालाघाट जिले की दुग्ध समितियों ने अलग अलग मामलें में स्थान पाएँ है। जिला दुग्ध संघ की मैनेजर सुश्री माधुरी ने बताया कि जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के 16 जिलो में से बालाघाट की 4 दूध समितियों के कार्यो को सराहा गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले की 113 दुग्ध समितियों द्वारा किसानों से निर्धारित दर पर दूध खरीदा गया। जबलपुर दुग्ध संघ को सर्वाधिक दूध विक्रय करने वाली 5 दूध समितियों में सभी बालाघाट की है। साथ ही अलग अलग मामलों में अच्छा स्थान भी पाया है।

### छिंदगांव सर्वाधिक दूध संकलन में प्रथम तो छिंदलाई को अच्छी गुणवत्ता का में द्वितीय स्थान

बालाघाट में दुग्ध समिति छिंदगांव को संघ द्वारा सर्वाधिक दुग्ध संकलन करने के मामलें में प्रथम स्थान मिला है। वहीं छिंदलाई समिति को अच्छी गुणवत्ता के आधार पर द्वितीय स्थान और तीन संभागों में सर्वाधिक पशु आहार विक्रय करने वाली समिति में कुरेन्डा को प्रथम व चंगाटोला को तृतीय स्थान मिला है। छिंदगांव की समिति प्रतिदिन 1366 किलों दुग्ध का क्रय करती है इस समिति द्वारा 5 गांवों से दुध खरीदी का कार्य किया जाता है। नगपुरा सें 315 किलो. प्रतिदिन कुरैण्डा सें 245 किलों प्रतिदिन दुध क्रय होता हैं।

### जिले में 300 ग्राम से अधिक प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता

बालाघाट जिला उन जिलो में शामिल है जहां दूध की अच्छी उपलब्धता है। साथ ही पशुधन के मामले में भी अग्रणी जिलो में शामिल है। पशुपालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल पशु 1127416 है। जिसमें 244538 पशु दुधारू है। जिले में प्रति दुधारू पशु का दूध उत्पादन 2.583 किलो है। वहीं जिले में प्रति व्यक्ति 0.3711 किलो. दूध की उपलब्धता है। जिले में प्रतिदिन 631667.468 किलो. दूध का उत्पादन हो रहा है।

### जिले में 11 मिल्क पार्लर खोलने का प्रस्ताव

दुग्ध संघ की मैनेजर माधुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अभी 8 सांची मिल्क पार्लर स्थापित है। जबकि आने वाले समय में जिले के विभिन्न तहसीलों में 11 सांची मिल्क पार्लर खोलने का प्रस्ताव है। हालांकि इसकी प्रक्रिया भी प्रारम्भ कर दी गई है।

## 21 जुलाई को अंतिम वर्षा वास कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन

# बुद्धघोष बुद्ध विहार दखनीटोला में किया गया सामाजिक बैठक का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** 17 जुलाई को भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा लांजी के अध्यक्ष आयुष्मान बी. आर. रामटेके जी की अध्यक्षता में सामाजिक बैठक का आयोजन बुद्धघोष बुद्ध विहार दखनीटोला लांजी में किया गया जिसमें उपस्थित सभी बौद्ध बंधुओं के द्वारा सर्वप्रथम पूजा वन्दना की गई, तत्पश्चात बैठक में वर्षाबास के आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यह कार्यक्रम दिनांक 21 जुलाई से प्रारंभ होकर सतत तीन माह तक चलेगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 21जुलाई को बुद्ध विहार दखनीटोला लांजी में दिन में 1बजे से 4 बजे तक आयोजित कार्यक्रम के साथ किया जायेगा। तत्पश्चात यह प्रत्येक बौद्ध बंधुओं के घर में बारी बारी से आयोजित किया जायेगा। अंतिम वर्षा वास का कार्यक्रम का आयोजन पुनः बुद्धघोश बुद्धविहार दखनीटोला लांजी में किया जायेगा। बैठक में विभिन्न सर्कल शाखाओं बहेला, कारंजा, साडरा,मोहझरी, लांजी, नेवरवाही से पधारे हुए सामाजिक बंधुओं को बुद्ध और उसका धम्म ग्रंथ का वितरण अध्यक्ष महोदय आयु बी आर रामटेके एव आयु पी के भीमटे द्वारा किया गया। इस बैठक में अध्यक्ष बी आर रामटेके के अलावा नगर शाखा लांजी के अध्यक्ष विलास चौरे , प्रज्ञा महिला मण्डल की अध्यक्षा आयुष्मति धर्मशीला मेश्राम, बसंत रामटेके,पी के भीमटे, पी डी भालाधरे, लक्ष्मीकांत मडामें, राजेंद्र मेश्राम, आनंद रामटेके, हेमंत रामटेके, प्रेमलाल रामटेके, सुनील मेश्राम, मोतीचरण खांडेकर, सुरेश बोरकर, प्रकाश मडामें ,सुशील बोरकर, वासुदेव बोरकर, गोरेलाल मडामें , महेंद्र रामटेके,संतोष मेश्राम, पदमा मडामें , तिजा रामटेके,समिता बोरकर, संगीता मेश्राम प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। अंत में अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी की बैठक में गरिमामय उपस्थिति के लिए साधुवाद देते हुए कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गई।



## साकेत पब्लिक स्कूल में एनसीसी की भर्ती प्रकिया सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** 18 जुलाई को स्थानिय साकेत पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में 6 एमपी स्वतंत्र कंपनी बालाघाट के कमांडिग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विनित कमल गुप्ता एवं विद्यालय के संचालक संतोष मोरघड़े की उपस्थिति में सत्र 2024-25 के लिए जुनियर डिविजन में 50 एनसीसी कैडेट्स का निर्धारित मापदंडों के अनुरूप चयन किया गया उक्त चयन भर्ती प्रकिया में 6 मध्यप्रदेश स्वतंत्र कंपनी बालाघाट से पीआई स्टॉफ नायक बलजीत , एनसीसी ऑफिसर संदीप कुमार रामटेक्कर द्वारा शारीरिक, मानसिक परिक्षण कर प्रथम वर्ष 50 एनसीसी कैडेट्स का चयन किया गया। एनसीसी में कैडेट्स को देश भक्ति, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास आदि समसवेश होता हैं। जो कैडेट्स को सिखने का अवसर प्रदान करता हैं।



एनसीसी भर्ती प्रकिया के दौरान उपस्थित 6 एमपी स्वतंत्र कंपनी बालाघाट के कमांडिग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विनित कमल गुप्ता द्वारा साकेत पब्लिक के एनसीसी टुप के साथ लांजी के प्राचिनतम मंदीर दादा कोटेश्वर में एक पौधा माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। उक्त पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक संतोष मोरघड़े , एनसीसी आधिकारी संदीप कुमार रामटेक्कर एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे। तथा कैडेट्स द्वारा पौधो के संरक्षण का संकल्प लिया।

# कलेक्टर सुश्री जैन ने ग्राम कामता पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने गुरूवार को ग्राम कामता पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उल्टी-दस्त की स्क्रीनिंग तथा पीड़ति मरीजों के उपचार की सुविधाओं के अवलोकन किया। उन्होंने पीएचई एवं जनपद के अधिकारियों के साथ ग्राम का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने गुरूवार को ग्राम कामता पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उल्टी-दस्त की स्क्रीनिंग तथा पीड़ति मरीजों के उपचार की सुविधाओं के अवलोकन किया। उन्होंने पीएचई एवं जनपद के अधिकारियों के साथ ग्राम का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उपस्वास्थ्य केन्द्र कामता का निरीक्षण किया



कलेक्टर ग्राम कामता का किया निरीक्षण

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को उपस्वास्थ्य केन्द्र कामता में 24 घंटे डॉक्टर सहित चिकित्सकीय स्टॉफ की ड्यूटी सुनिश्चित करते हुए सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त उपस्वास्थ्य केन्द्र में एंबुलेंस की उपलब्धता तथा सर्वे दल की नियुक्ति के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने लक्षण के आधार पर ग्रामीणों की जांच कर त्वरित रूप से रोगोपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देशित किया है।

कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा ग्राम की पानी टंकी, हैण्डपंप सहित अन्य सभी जल स्त्रोतों की जांच के लिए पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ-साथ पाईप लाईन लीकेज की जांच एवं मरम्मत के लिए भी निर्देशित किया है।

### फिर मिले कामता मे उल्टी-दस्त 08 नये मरीज

*उल्लेखनीय है कि ग्राम कामता में बुधवार को 54 ग्रामीणों की जांच में कुल 18 उल्टी-दस्त पीड़ति मरीज सामने आये थे, जिसमें से 07 मरीजों को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया था। वहीं गुरूवार 18 जुलाई के सर्वे में 08 नये मरीज मिले हैं। जिसमें से 02 को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया है, वहीं पूर्व में जिला चिकित्सालय में भर्ती किए गए 02 मरीजों को स्वास्थ्य होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है। शेष मरीजों का उपचार उपस्वास्थ्य केन्द्र में जारी है। सभी की स्थिति बेहतर है।*

# एमपी ऑनलाइन संचालक ने मचाई लूट छात्रों से ले रहे अधिक राशि, कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इन दोनों कॉलेज में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के फॉर्म भरे जाने के नाम पर जिले में एमपी ऑनलाइन द्वारा फॉर्म भरने व काउंसलिंग आदि का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते जिला मुख्यालय स्थित भैरोगंज के समीप पीजी कॉलेज के गेट के ठीक सामने कुल्हाडे कंप्यूटर एमपी ऑनलाइन के संचालक द्वारा छात्र-छात्राओं से मनमाने रूप में पैसा वसूला जा रहा है। और उनसे वसूल की गई राशि कि किसी भी प्रकार की कोई रसीद भी नहीं दी जा रही है। गुरुवार को पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने बताया कि 8 जुलाई को एम ए का फॉर्म भरे थे। 13 जुलाई की शाम को लिस्ट आएगी। जब विद्यार्थी 13 तारीख को एमपी ऑनलाइन पहुंचे तो एमपी ऑनलाइन के संचालक ने बताया की लिस्ट आ गई है और चली गई है। जबकि विद्यार्थियों ने आरोप लगाते हुए बताया की लिस्ट में नाम आ गया था इसके बाद भी इन्होंने लिस्ट नहीं आने की बात बताई विद्यार्थी जब 18 तारीख को पुनः एमपी ऑनलाइन संचालक के पास पहुंचे तो उन्होंने गुरुवार 18 जुलाई को दोबारा चॉइस फिलिंग का फार्म भरवारा और प्रत्येक विद्यार्थी से 50-50 रुपए की वसूली की। इस प्रकार पहले ढाई सौ रुपए और बाद में 50 रुपये कुल 300 रुपये एक-एक विद्यार्थी से वसूल लिए। वहीं विद्यार्थियों व अभिभावकों ने पीजी कॉलेज के गेट के ठीक सामने संचालित कुल्हाडे कंप्यूटर के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन से की है वहीं इसकी सूचना उन्होंने भोपाल स्थित कार्यालय में भी दे दी है।

### इनका कहना है

पीजी कॉलेज के गेट के ठीक सामने संचालित कुल्हाडे एमपी ऑनलाइन का काम करने वाले मनोज कुल्हाडे के विरुद्ध पूर्व में कार्रवाई कर दी गई थी। और उनकी आईडी भी बंद कर दी गई थी। उन्होंने लगता है फिर किसी और के नाम से आईडी ले ली है और अगर वह ऐसा कर रहे हैं ओर अधिक राशि वसूल रहे हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अतुल वाधवा जिला समन्वयक एम पी ऑनलाइन सिवनी**





# मुंगवानी-पुसेरा डायवर्सन पहुँच मार्ग दलदल में हुआ तब्दील

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बंडोल-कोहका सड़क का निर्माण कार्य वर्तमान में पुसेरा से बंडोल के बीच चल रहा है। वर्तमान में पुसेरा मुंगवानी मार्ग में पड़ने वाली माँ बैनगंगा नदी के पास बारिश के कारण निर्माणाधीन पुल के बाजू में निर्माण एजेंसी ठेकेदार द्वारा बनाया गया डायवर्सन मार्ग पूर्णतः दल दल में तब्दील हो गया है,जो कि राहगीरों के आवागमन में बाधक बनते हुए लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। विगत दिनों बारिश शुरू होने पूर्व ठेकेदार द्वारा पुल के बाजू में बनाए गए डायवर्सन मार्ग में मिट्टी डाली गई थी और इसके बाद इसके ऊपर गिट्टी की चुरी और बोल्डर डाले गए थे। परंतु उतनी मजबूती से मरम्मत न करने के कारण उपरोक्त मार्ग इस दिनों राहगीरों की मौत को आमंत्रण देने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। भारी मुसीबत बने इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाओं की जानकारी सुनने को मिल रही है, क्षेत्रीयजनों द्वारा बताया गया कि बीते दिवस इस मार्ग में हुए जानलेवा गड्ढे में एक निजी ट्रेवल्स की बस पलटते पलटते बाल बच गई थी। डायवर्सन मार्ग के दलदल में तब्दील होने के कारण क्षेत्रीयजनों को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है। दोपहिया, चौपहिया और बड़े वाहन कीचड़ में फंस रहे है और कोई किसी तरह वाहन को कीचड़ के बीच से निकालने का प्रयास करता है तो कीचड़ के बीच बने गड्ढे वाहनों को क्षति पहुंचा रहे है। वही मुंगवानी से बाधी मार्ग पर नदी पर बना नवीन डायवर्सन मार्ग पूरी तरह बह गया है, जिससे मुख्य सिवनी से अमरवाड़ा पहुँच मार्ग पूरी तरीके से बन्द हो गया है। जिसके कारण राहगीरों को 5 किलोमीटर लंबा सफर तय करते हुए मुंगवानी खुर्द की ओर से घूमकर जाना पड़ रहा है। इससे लोगों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।वही क्षेत्रीयजनो ने जिला प्रशासन से मांग की है,कि ठेकेदार द्वारा बनाये गए डायवर्सन मार्ग पर हुए जानलेवा गड्ढो को डस्ट और गिट्टी डालकर जल्द से जल्द दुरूस्त कराया जाए, जिससे वाहन चालकों को हो रही परेशानी से निजात मिल सके। और मार्ग आवाजाही योग्य बनाने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया जाए।

# सूने घर में चोरों का धावा नगद सिहत जेवर ले उड़े चोर



**हरिभूमि न्यूज आदेगांव।** आदेगांव में हुई चोरी की घटना आदेगांव थाना अंतर्गत आदेगांव में बस स्टैंड के पीछे नीलेश अवधिया के मकान पर चोरों ने धावा बोल दिया और लगभग सोने चांदी नगद राशि लेकर फरार हो गए चोरी की घटना के बाद नीरज थाने में पहुंचकर अपनी रिपोर्ट दर्ज करवाई नीलेश के अनुसार चोरी की घटना उस समय घटित हुई जब वह खेत में यूरिया डालने के लिए गया हुआ था और उसके परिवार के लोग बाहर गए हुए थे शाम के 8:00 बजे जब निलेश घर आता है तो उसके घर में ताला टूटा रहता है अलमारी का लॉक टूटा हुआ रहता है जिसमें से नीलेश के अनुसार 200000 केश और जेवरात चोर चुरा कर ले गए देखना अब है कि आधे गांव पुलिस इस क्या कार्रवाई करती है।

# वृद्ध के ऊपर गिरी गाज, घायल

**सिवनी।** जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर के अंतर्गत आने वाले वंदम गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 55 वर्षीय वृद्ध घायल हो गया। जिसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार शाम के समय अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और मवेशी चराने जंगल तरफ गए एक व्यक्ति पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिसके कारण वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 वाहन में दी। इसके बाद घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। घायल का नाम बीर सिंह भगदिया पिता हल्के भगदिया उम्र 55 वर्ष निवासी वन्दम है। घंसौर थाना प्रभारी अनिल कुमार पटेल ने बताया कि आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया जिसे जबलपुर रेफर किया गया है। शासन प्रशासन की ओर से लगातार लोगों से अपील की जा रही है कि यदि मौसम खराब हो या बारिश हो रही होतब सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। साथ ही खेत पर काम करने वाले लोग भी खुले आसमान के नीचे बारिश के समय कम ना करें। बावजूद इसके लोग लापरवाही बरत रहे हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। बीते दिवस छपारा क्षेत्र में भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत हुई थी। वही बंडोल में भी आकाशीय बिजली के कारण तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

# आधी रात को कार हुई खराब आसपास कोई सहायता नहीं मिलने पर 100 डायल से पहुंची मदद

**सिवनी।** कोतवाली क्षेत्र में नागपुर से जबलपुर जा रहे परिवार की कार देर रात हाईवे पर हुई खराब, डायल-112/100 स्टाफ ने महिलाओं एवं बच्चों को एफ.आर.व्ही वाहन से ले जाकर होटल मे रुकवाया जिला सिवनी के थाना कोतवाली के अंतर्गत सिमरिया बाईपास रोड पर ब्रिज के पास परिवार के साथ नागपुर से जबलपुर जा रहे कॉलर की कार के दो टायर खराब हो गए हैं, साथ में महिलाएँ एवं बच्चे है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। उक्त सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 18-07-2024 को मध्य रात्रि 12:20 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक नन्द किशोर परते एवं पायलट ज्योतिष मर्शकोले ने मौके पर पहुँचकर बताया कि कॉलर राशिद सिद्दीकी परिवार के साथ नागपुर से जबलपुर जा रहे थे सिमरिया बाईपास रोड पर कार के दो टायर पंचर हो गए। साथ में महिलाएँ एवं बच्चे भी थे आसपास कोई सहायता नहीं मिलने पर कॉलर ने डायल-112/100 सेवा को कॉल कर मदद मांगी डायल-112/100 स्टाफ ने मौके पर पहुँचकर महिलाओं एवं बच्चों को एफ़. आर. व्ही वाहन से ले जाकर सुरक्षित स्थान पर होटल मे रुकवाया और मैकेनिक की व्यवस्था करवायी। देर रात हाईवे पर सहायता के लिए कॉलर राशिद सिद्दीकी एवं उनके परिवार द्वारा डायल-112/100 सेवा की प्रशंसा एवं पुलिस स्टाफ का धन्यवाद किया गया।

# किराये के मकान में रह रहे है पुलिस कर्मी, प्रशासन का कोई ध्यान नहीं

**छपारा।** जिले का सबसे पुराना गांव के रूप में पहचाने जाने बाला ग्राम छपारा जो अब जाकर नगर परिषद का तमगा हासिल किया है,जो कि एक समय अनेक रियासतों का केन्द्र बिंदु रहा और आजादी के बाद इस छपारा नगर में पुलिस चौकी का निर्माण किया गया, निर्माण के उपरांत चौकी में पदस्थ कर्मियों के लिए निवास हेतु भवन बनाए गए थे जो इस समय जर्जर अवस्था में है। और कभी भी गिर सकते है। साथ ही 10-15 कमरों में से कुछ तो गिर कर धराशाही भी हो गये। किंतु विभाग के उच्चाधिकारियों ने इस संबंध में संज्ञान लेना भी उचित नहीं समझा।

गौरतलब है कि इन भवनो की जर्जर अवस्था को देखते हुए इन भवनों में निवास करने वाले पुलिस कर्मियों ने इन भवनों के स्थान पर अपने परिवार को सुरक्षा की से दृष्टि प्रायवेट मकानों में किराये से भवन लेकर अपनी नौकरी कर रहे हैं,वही वर्तमान समय में छपारा थाने में पदस्थ स्टॉफ के आधे से ज्यादा लोग सिवनी मुख्यालय से प्रतिदिन आना जाना करते हैं। साथ ही बड़े दुख का विषय है कि ठंड,गर्मी और बरसात में सजग पहरी की तरह अपनी नौकरी करने वाले इन पुलिस कर्मियों को अपनी परिवार के लिए छत तक नसीब नहीं है। और ना ही उच्च अधिकारियों ने इनके लिए कभी प्रयास किये बेचारे कर्मी सिर्फ ड्यूटी को ही सर्वोपरी मनाते हुए सेवा देने में जुटे हुए है। वहीं दूसरी तरफ उक्त बेशकीमती जमीन पर धीरे धीरे अतिक्रमण भी हो रहा हैं खाली पड़ी जमीन पर कुछ लोग गिद्ध तरह नजरे जमाए है। अतःनगर वासियों ने जिले के नवागत पुलिस कप्तान से इस संबंध में संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करने हेतु मांग की गई है।



जर्जर हुए पुलिस क्वार्टर

# कलेक्टर सुश्री जैन ने किया बरघाट विकासखंड के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण



कलेक्टर ने तहसील बरघाट का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने गुरूवार 18 जुलाई को बरघाट विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। कलेक्टर सुश्री जैन ने सर्वप्रथम अनुविभागीय राजस्व कार्यालय पहुंचकर एसडीएम कोर्ट, रिकार्ड रूम का अवलोकन किया तथा राजस्व प्रकरणों की निराकरण की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत कलेक्टर सुश्री जैन ने तहसीलदार कोर्ट, जनपद कार्यालय, बरघाट लोकसेवा केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने लोकसेवा केन्द्र में आज प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली साथ ही प्रभारी अधिकारी को समय सीमा में सभी प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री संदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## राजस्व महा अभियान आज से

# गंभीरता के साथ हो राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, 31 अगस्त तक चलेगा महा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिये 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महा अभियान - 2.0 संचालित किया जा रहा है। किसानों और आमजन की सहुलियत के लिये पटवारी और मैदानी अमला मुख्यालय पर रह कर दायित्वों का निर्वहन करेंगे। अभियान्तर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का गंभीरता के साथ समय-सीमा में निराकरण किया जाये।

राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने बताया कि अभियान में अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 30 दिन में, विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 150 दिन में किया जायेगा। बंटवारा प्रकरणों के निराकरण की समय-सीमा 90 दिन है और सीमांकन प्रकरणों को 45 दिन में निराकृत करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही नक्शे में तरमीम का कार्य सतत जारी रहेगा। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा है कि राजस्व महा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

राजस्व महा अभियान 2.0 में 30 जून 2024 की स्थिति में लंबित नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरूस्ती और सीमांकन के प्रकरणों में निराकरण का लक्ष्य रखा गया है। इनमें नामांतरण के 75 हजार 964, बंटवारा के 9 हजार 897, अभिलेख दुरूस्ती के 9 हजार 889 और सीमांकन के 25 हजार 423 प्रकरण शामिल हैं। इसके साथ ही 30 जून 2024 की स्थिति में एक करोड़ 95 लाख 45 हजार नक्शे पर तरमीम के लंबित मामलों को भी दर्ज किया जाएगा।

### अभियान में होगा डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण

राजस्व महा अभियान में एक अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक फसलों का डिजिटल (क्रॉप) सर्वेक्षण किया जायेगा। किसानों के खेत पर जाकर फसल का फोटो खीचकर जानकारी अद्यतन करने के लिये युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को 25 जुलाई तक प्रशिक्षित किया जायेगा। राजस्व महा अभियान में आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज करने और पूर्व आदेशों के अनुसार खसरों और नक्शे में अमल सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व महा अभियान में निःशुल्क समग्र ई-केवायसी और समग्र से खसरे की लिंकेज की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही स्वामित्व योजना में आबादी भूमि के सर्वेक्षण की कार्रवाई पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

### वरिष्ठ राजस्व अधिकारी करेंगे मैदानी क्षेत्र का दौरा

राजस्व महा अभियान में संभागायुक्त, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार मैदानी क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और राजस्व महा अभियान में की जा रही कार्रवाई की मॉनीटरिंग करेंगे।

# आयुष मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम में दी जा रही होम्योपैथी दवा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आयुष अधिकारी डॉ यशवंत माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार मलेरिया रोग की रोकथाम के लिए मलेरिया प्रतिरोधक होम्योपैथी औषधि मलेरिया ऑफ 200 का सेवन अधिक मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में कराया जा रहा है। मलेरिया की रोकथाम के लिए औषधि बहुत ही प्रभावी रही है। स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से इस वर्ष जिले के चिन्हित 23 ग्राम में होम्योपैथी औषधि का वितरण घर-घर जाकर किया जा रहा है। ग्राम की आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ आयुष विभाग के कर्मचारियों द्वारा घर-घर पहुंचकर परिवार के सभी सदस्यों को दवा का सेवन कराया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में 18 जुलाई, 25 जुलाई एवं 01 अगस्त एवं द्वितीय चरण में 22 अगस्त, 29 अगस्त एवं 5 जुलाई को दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि गुरूवार 18 जुलाई को प्रथम खुराक की दवा दी गई। जिला मलेरिया अधिकारी श्री रामजी भलावी द्वारा भी गोपालगंज विकासखंड के ग्राम झील पिपरिया एवं चोरगरठिया पहुंच कर अभियान की मॉनिटरिंग की गई।



**खबर संक्षेप**

### जिला नजूल निर्वतन समिति की बैठक 22 जुलाई को आयोजित

**बालाघाट।** शासकीय भूमि आवंटन व हस्तांतरण के प्रकरण एवं नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत भूमि मांग के प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला निवर्तन समिति की बैठक 22 जुलाई को आयोजित की जा रही है। बैठक कलेक्ट्रेड सभाकक्ष में समयसीमा बैठक के ठीक बाद दोपहर 1 बजे सुनिश्चित की जाएगी।

### खेत में मेढ़ों तक पहुंची मलेरियॉ रोधी दवाई

**बालाघाट।** जिले में मलेरियॉ के प्रभाव को रोकने के लिए आयुष व स्वास्थ्य विभाग सक्रिय होकर कार्य क्षेत्र में जुटा है। मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम 2024 के अन्तर्गत आयुष विभाग चिन्हित गांवों में खेतो तक पहुंचकर ग्रामीणों को होम्योपैथी दवाईयॉ खिला रहा है। गुरुवार को आयुष विभाग के अमले द्वारा सोनगुड्डा व डाबरी वनांचल में खेतों तक पहुंचा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की एएनएम और आशा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में उपचार के लिए पहुंचने लगी है। स्वास्थ्य अमले ने गुरुवार को लांजी के बिरनपुर, पंचमटोला व बहेला में आवश्यक जांच की।

### स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग सौंपा ज्ञापन

**कटंगी।** कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 07 और 08 सिवनी रोड़ के स्थानीय रहवासियों और शासकीय राजा भोज महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर जगह-जगह ब्रेकर निर्माण कराने की मांग करते हुए एसडीएम, नगर परिषद कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है. दरअसल, सिवनी रोड़ मुख्य सड़क मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार से आए दिन सड़क हादसे होते रहते है. तेज रफ्तार वाहनों की स्पीड पर अंकुश लगाने के लिए इस रास्ते पर कई जगह स्पीड ब्रेकर बनाने की जरूरत है. स्थानीय रहवासियों ने ज्ञापन सौंपते हुए सलीम किराना, शब्बीर वाशिंग सेंटर और श्री राधा गोविंद कृष्ण मंदिर आखर के पास स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग रखी है. स्थानीय रहवासी सुमित अग्रवाल, हेमराज अग्रवाल, दीपक शर्मा, चेतन शर्मा, आशीष पाण्डे, सुरेन्द्र गाड़ेकर, गनपत पंचेश्वर, संतोष तामेश्वर, गोरख मात्रे, सालिकराम मात्रे, शिव बोपचे, सुरजलाल पटले, रवि बिसेन, नरेश मात्रे, मिश्रीलाल, रंगलाल बिसेन, चतरूलाल खरे, दिनेश टेकाम, अमन शर्मा सहित अन्य स्थानीय रहवासियों ने ज्ञापन सौंपा है।

### जिले में अब तक 12 इंच से अधिक हुई वर्षा

**बालाघाट।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की 11 तहसीलों में कुल औसत वर्षा 313.9 मिमी वर्षा हुई है। अगर इंच में बारिश देखें तो 1 जून से लेकर अब तक 12 इंच से अधिक वर्षा हो चुकी है। तहसीलवार बारिश की स्थिति जाने तो अब तक सबसे अधिक वर्षा परसवाड़ा तहसील में 18 इंच से अधिक यानी 464 मिमी हुई है।

## सभी 6 आरोपियों को जमानत, मामला ग्राम बोदलकसा के ग्रामीणों द्वारा बाघ का शिकार करने का

# वन विकास निगम के अधिकारियों ने 60 दिन में नहीं किया न्यायालय में चालान पेश

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत बुदबुदा के ग्राम तुमड़ीटोला से बहने वाली चंदन नदी में गत 17 मार्च 24 को मिले मृत बाघ के शिकार के आरोप में गिरफ्तार किए गए 6 आरोपी वन विकास निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण जमानत पर बाहर आ गये हैं।

### 17 मार्च 24 को चंदन नदी में मिला था बाघ का शव

उल्लेखनीय हैं कि गत 17 मार्च 24 को ग्राम तुमड़ीटोला के पास से बहने वाली चंदन नदी में बाघ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी और वन विकास निगम व वन विभाग के लिए बाघ के शिकारियों को पकडऩा एक चुनौती बन गया था। इस मृत बाघ का वजन लगभग 100 से 120 किलो रहा होगा, उसकी उम्र लगभग 2 से ढाई वर्ष था। बाघ के शिकारियों को पकडऩे व उनका पता लगाने के लिए जबलपुर, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी के वन अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई गई थी।

### 2 माह बाद पकड़ाये थे शिकारी

इस टीम ने लगातार 2 माह तक बाघ के शिकारियों की तलाश के लिए ग्राम तुमड़ीटोला के साथ-साथ ग्राम सावंगी, बुदबुदा, बोदलकसा, खापा आदि अनेक ग्रामों में अपना जाल फैलाया था और शिकारियों का पता लगाने का अभियान चलाया था। वन विभाग के अधिकारियों को लगभग 2 माह बाद बाघ के 2 शिकारियों को पकडऩे में सफलता मिली थी। जिसके बाद वन विभाग के अधिकारियों ने इन आरोपियों से पूछताछ की, तो बाघ के शिकार का पूरा मामला सामने आया और इन आरोपियों की निशानदेही पर अन्य 4 आरोपियों को भी वन विकास निगम के अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया था।



### इन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया था जेल

वन विभाग द्वारा बाघ के शिकार मामले में जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, वह सभी ग्राम बोदलकसा के थे। जिनमें क्रमशः छन्नूलाल पिता फकीरचंद मात्रे उम्र 38 वर्ष जाति मरार, रमेश पिता पेंढारी पंजरे उम्र 42 वर्ष मरार, राजकुमार पिता चेतनलाल हरदे उम्र 35 वर्ष जाति मरार, बसंत पिता श्यामजी पंचेश्वर उम्र 38 वर्ष मरार, महेश पिता मोहनलाल बिसेन उम्र 38 वर्ष जाति पंवार एवं लेखचंद पिता रज्जलाल बिसेन उम्र 53 वर्ष शामिल थे। इनके पास से बाघ के शिकार में प्रयुक्त जी आई तार 60-70 मीटर, बॉस की खूंटी 9 नग व रस्सी 5 मीटर बरामद की गई हैं। इन आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 (यथा संशोधित वन्य जीव संरक्षण संशोधन अधिनियम 2022) की धारा 2, 9, 39 के तहत मामला दर्ज कर पूर्व में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 333/14 दिनांक 17 मार्च 2024 कायम किया गया था। जिसके बाद सभी आरोपियों को 17 मई 24 को न्यायालय में पेश किया गया था। जहॉ से उन्हें जेल भेज दिया गया था।

### वन विकास निगम के अधिकारियों ने 60 दिन में नहीं किया चालान

बाघ के शिकारियों के जेल जाने के बाद वन विकास निगम के अधिकारियों को उनके खिलाफ 60 दिनों के अंदर न्यायालय में चालान पेश करना था। लेकिन वन विकास निगम के अधिकारियों ने समय सीमा का ध्यान नहीं रखते हुए न्यायालय से 25 जुलाई 24 तक का समय चालान पेश करने के लिए मॉग लिया। जो चालान पेश की निर्धारित सीमा 60 दिवस से अधिक थी।

### वन विभाग की लापरवाही का फायदा उठाया आरोपियों के अधिवक्ता ने

वन विकास निगम के अधिकारियों की इस लापरवाही का फायदा आरोपियों के अधिवक्ता महेन्द्र मिश्रा ने उठाया और उन्होंने 61 वें दिन 16 जुलाई 24 को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रौनक पाटीदार के न्यायालय में आरोपियों की जमानत के लिए आवेदन पत्र पेश कर दिया। जिसमें उन्होंने धारा 167(2) के तहत वन विकास निगम के अधिकारियों द्वारा आरोपियों के खिलाफ चालान पेश नहीं करने का मुद्दा उठाया और अपने पक्षकार के लिए राहत की मॉग करते हुए उनकी जमानत की मॉग कर दी। जिसके लिए उनके द्वारा विभिन्न प्रकरणों की मिसाल भी पेश की गई। आरोपियों के अधिवक्ता महेन्द्र मिश्रा द्वारा रखी गई दलीलों को स्वीकार करते हुए न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रौनक पाटीदार द्वारा सभी आरोपियों को जमानत दे दी गई।

### 25 जुलाई तक चालान पेश करने की ली हैं अनुमति वन विभाग ने

इस प्रकार वन विकास निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण वन्य प्राणी बाघ के शिकारियों को न्यायालय के माध्यम से आसानी से जमानत हासिल हो गई। लेकिन इस पूरे मामले में वन विकास निगम के अधिकारी अपनी लापरवाही को मानने के लिए बिलकुल तैयार नहीं हैं। उनका कहना हैं कि हमने 25 जुलाई 24 तक न्यायिक रिमांड के तहत चालान पेश करने की अनुमति न्यायालय से ली थी और 25 जुलाई के पूर्व ही चालान पेश कर दिया जायेगा।

### इनका कहना हैं

हमने 25 जुलाई 24 तक चालान पेश करने की अनुमति न्यायालय से ली हैं और उसके पूर्व ही चालान पेश कर देगे। आरोपियों को जमानत देना, न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में हैं। हम उसके बारे में कोई टिप्पणी नहीं कर सकते हैं।

**बी एस सिरसाम, उपवनमंडल अधिकारी कटंगी, दक्षिण सामान्य**

### सर्पदंश से गर्रा निवासी रवि नगपुरे की मृत्यु

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** औद्योगिक नगरी निवासी 30 वर्षीय रवि नगपुरे की जहरीले सर्प के काटने से मृत्यु हो गई हैं। मिली जानकारी अनुसार बीते कल रवि नगपुरे गर्रा से रजेगांव(कायदी) अपने खेत में काम कर रहा था तभी जहरीले सर्प के काटने से उसकी मृत्यु हो गई हैं। शव को पीएम परिजनों के द्वारा करवाया गया हैं। जानकारी प्राप्त होते ही ग्राम के सरपंच वैभवसिंह बिसेन, सलीम शाह पत्रकार, समाजसेवी डॉ अशोक गुप्त, भरत बंसारे तथा ग्राम के सैकडों नागरिक ने दुख प्रकट किया तथा सरपंच के द्वारा अपने समक्ष पीएम करवा गया। परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया। ग्राम प्रधान वैभव बिसेन के द्वारा निजी तौर पर मृतक के परिजनों को 2000 रूपये की सहायता राशि प्रदान की जाती हैं। ग्राम प्रधान के द्वारा अपने दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान ग्राम में मृत्यु होने पर परिजनो को निजी तौर पर यह सहायता राशि प्रदान की जाती हैं। आज 11 बजे गर्रा मोक्षधाम में अंत्येष्टी संपन्न होगी।



## उद्योग निवेश प्रोत्साहन के लिए मुख्यमंत्री ने चार जिलों के उद्योगपतियों से किया संवाद

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उद्योग निवेश प्रोत्साहन के लिए यह संवाद और 20 जुलाई को जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है। शासन की स्पष्ठ मंशा है कि जिलो में उपलब्ध रॉ मटेरियल का उपयोग कर स्थानीय उद्योग ही प्रोडक्ट उत्पादित करें। इससे स्थानीय युवाओं को अधिक रोजगार उपलब्ध होंगे। ऐसे उद्योगों को निवेश प्रोत्साहन के माध्यम से बढ़ावा दिया जाएगा। उद्योग से प्रदेश वासियों को निवेश का लाभ मिले। इसलिए प्रदेश में सभी प्रकार के उद्योगों को बढ़ावा मिलें। उन्होंने मंगलवार को छिंदवाड़ा से चार जिलों के उद्योगपतियों के साथ उद्योग निवेश प्रोत्साहन के लिए संवाद किया।



### नक्सल क्षेत्र में उद्योग के पर्याप्त अवसर

सीएम डॉ. यादव ने बालाघाट के सम्बंध में कहा कि जो क्षेत्र कभी नक्सल के लिए जाना जाता था। आज वहां भी उद्योग के पर्याप्त अवसर है। यह बात उन्होंने स्थानीय उद्योगपति श्री अतुल वैध से संवाद करते हुए कहीं। उद्योगपति श्री वैध ने सीएम डॉ. यादव से संवाद करते हुए कहा कि 1.30 लाख लीटर प्रतिदिन इथेनॉल बॉयोफ्यूल वाली अपनी इकाई का विस्तार कर 2.50 लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता का करना चाहते है। वे बालाघाट के खापा में स्थापित इकाई में 250 करोड़ रुपये का निवेश करना चाहते हैं।इसके लिए उन्होंने आवश्यक जमीन की आवश्यकता बताई।इसके अलावा बालाघाट के एक अन्य उद्योगपति श्री हर्ष त्रिवेदी ने भी संवाद करते हुए उद्योग विकास के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इनके अलावा संवाद आयोजन में पांढुर्णा और सिवनी के उद्योगपतियों से भी संवाद किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा, जीएमडी आई सी श्रीमती प्रीति मर्सकोले सहित जिले के अन्य उद्योगपति मौजूद रहें।

### कोठियाटोला में हुई नक्सली घटना की होगी मजिस्ट्रियल जांच

**बालाघाट।** 8 जुलाई को हट्टा थाना क्षेत्र के कोठियाटोला में पुलिस और नक्सली की मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कान्हा भोरमदेव डिवीजन एवं जीआरबी डिवीजन के सक्रिय सशस्त्र नक्सलियों द्वारा घातक अवैध आग्नेय शस्त्रों से पुलिस बल पर अंधाधुंध फायरिंग की गई थी। पुलिस ने ही आत्मरक्षा में जवाबी कार्यवाही की। मुठभेड़ में 30 से 35 वर्षीय सशस्त्र माओवादी पुरुष एक रायफल के साथ मृत अवस्था मे पाया गया। मृतक पुरुष माओवादी की पहचान कान्हा-भोरमदेव डिवीजन के एरिया कमेटी सदस्य सोहन उर्फ आयतु थाना जगरगुंडा जिला सुकमा छत्तीसगढ़ के रूप में की गई। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने थाना हट्टा के कोठियाटोला में हुई इस घटना के सम्बंध में मृतक सोहन उर्फ उकास उर्फ आयतु की मजिस्ट्रियल जांच के लिए किरनापुर एसडीएम को बीएनएसएस 2023 की धारा 196 के तहत मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की हुई स्थापना



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

धर्मनगरी किरनापुर के ग्राम कनेरी के शिव मंदिर में समस्त श्रद्धालु ग्रामीणों द्वारा शिवलिंग की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कि गई। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए ग्रामीणों ने बताया कि बीते कई वर्षों से सभी ग्रामीणों की भावनात्मक इक्छा थी कि ग्राम में शिव मंदिर बने और उसमें शिवलिंग की स्थापना की जाए जिसको देखते हुए यह आयोजन आयोजित किया गया है। इस धार्मिक और पुनीत कार्य में मंदिर समिति के सदस्यों सहित समस्त श्रद्धालु ग्रामीणों का सराहनीय योगदान प्राप्त हुआ है। शिवलिंग की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व बुधवार 17 जुलाई को शिवलिंग का ग्राम भ्रमण कराया गया इसके पश्चात आज 18 जुलाई को नवनिर्मित शिव मंदिर में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा ,हवन पूजन किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। ततपश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारो भक्तो ने महाप्रसादी ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस धार्मिक आयोजन के दौरान ग्राम कनेरी की समस्त ग्रामीण जनो का सराहनीय योगदान रहा।

## अपर कलेक्टर ने कृषि विभाग के साथ किया पौधरोपण




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत जिले में विभागों द्वारा पौधरोपण करने का कार्य लगातार जारी है। गुरुवार को अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे एवं कृषि विभाग के उपसंचालक राजेश खोब्रागढे के साथ कलेक्टर परिसर में पौधरोपण किया। परिसर में आम और बरगद के पौधे लगाए गए।

## जनजाति युवाओं को स्वरोजगार देने के लिए दो नई योजनाएं

**बालाघाट।** मप्र शासन ने जनजातीय समुदाय के युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए दो नई योजनाएं प्रारम्भ की है। इन दो योजनाओं की सबसे अच्छी बात यह है कि इनका लाभ लेने के लिए कोई विशेष योग्यता निर्धारित नहीं है। साथ ही परिवार की वार्षिक आय भी इतनी मान्य की जा रहीं है। जिससे अधिकांश युवा इन योजना से अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकते है। भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के द्वारा कोई भी 8 वी उत्तीर्ण युवा जो 18 से 45 वर्ष का है। साथ ही परिवार की वार्षिक आय 12 लाख तक स्वीकार की गई है। योजना में 1 लाख से 50 लाख रुपये तक का अनुदान पर ऋण प्रदान किया जाता है। जबकि टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में शैक्षणिक योग्यता का बंधन नहीं है। इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक को 18 से 55 वर्ष की आयु तक निर्धारित की गई है। जबकि आय के मामलें में वो आयकर दाता न हो। इस योजना में 10 हजार से 1 लाख रुपये तक का अनुदान पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

ग्रामीण युवाओं को स्व रोजगार प्राप्त करने के अवसर देने के लिए लीड बैंक द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किये जाते है। लीड बैंक मैनेजर श्री संजीव कुमार ने बताया कि 2024-25 के लिए संस्था द्वारा निशुल्क प्रशिक्षणों का कैलेंडर जारी किया गया है। यह कैलेंडर वर्तमान में स्व रोजगार के नए क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। संस्था द्वारा प्रशिक्षण 10 दिन से लेकर 45 दिनों के भी कोर्स है। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवक व युवतियों के आवास, नास्ता और भोजन की व्यवस्था भी निशुल्क उपलब्ध होती है।

### शिक्षा स्थाई समिति जिला पंचायत की बैठक कल

**बालाघाट।** शिक्षा स्थाई समिति की बैठक 20 जुलाई को दोपहर 12 बजे आयोजित होगी। जिपं उपाध्यक्ष व सभापति श्री योगेश राजा लिल्हारे की अध्यक्षता में नवीन जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य रूप से सर्व शिक्षा अभियान एवं जनजाति कार्य विभाग के अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा जिला शिक्षा केंद्र के अंतर्गत कार्य कर रहे एनजीओ के कार्यों की समीक्षा निशुल्क साइकिल वितरण गणवेश वितरण पाठ्य पुस्तक वितरण की समीक्षा एवं अन्य विषयो पर समीक्षा एवं प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान: रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल ने औषधीय और छायादार पौधो का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्‌वान रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 18 जुलाई गुरूवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में औषधीय और छायादार पौधो का रोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम में बतौर अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, भाजपा महामंत्री मौसम बिसेन हरिनखेड़े, जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय की मौजूदगी में क्लब अध्यक्ष रोटे. पुरूषोत्तम चावला और सचिव रोटे. संदीप असाटी के नेतृत्व में रोटेरियन साथियों ने नीम, आंवला, कदम और अमलतास के 11 पौधो का रोपण किया। नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल ग्रुप का प्रयास सराहनीय है, पेड़ो को लगाने के साथ ही हम पेड़ो के संरक्षण का भी संकल्प ले, तभी हम नगर को हरा-भरा कर पाएंगे। पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी ने कहा कि अभियान एक प्रेरणादायक पहल है जो समाज में पर्यावरण संरक्षण और महिलाओं के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है। यह न केवल पर्यावरण को बचाने का एक तरीका है, बल्कि मां के प्रति सम्मान और प्यार को भी दर्शाता है। भाजपा महामंत्री मौसम बिसेन हरिनखेड़े ने कहा कि नगर को प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो अभियान शुरू किया है, उस अभियान से लोग स्वतः ही जुड़कर, पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण कर रहे है, संस्थाएं पौधारोपण के साथ ही उसके संरक्षण का भी संकल्प ले। रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल अध्यक्ष रोटे. पुरूषोत्तम चावला और सचिव रोटे. संदीप असाटी ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान, एक जनआंदोलन बन गया है। आज जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां है, जिससे मौसम असमय परिवर्तित हो रहा है, जिस चुनौती के समाधान के लिए दुनिया को पर्यावरण के साथ अपनाने का संदेश एक पेड़ नाम, अभियान से शुरू किया गया है। जिसके तहत जिला शिक्षा कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया।इस दौरान क्लब ट्रेजरर रोटे. मुकुल राठौर, क्लब मेंटर पी.पी. रोटे. कमलजीतसिंघ छाबड़ा, क्लब लर्निंग फेसिलिट्रेटर पी.पी. सी.ए. रोटे. बलजीत सिंघ छाबड़ा, प्रेसिडेंट इलेक्ट रोटे. राजेंदर सिंघ छाबड़ा, वाईस प्रेसिडेंट रोटे. सौरभ हरिनखेड़े, डायरेक्टर क्लब सर्विस रोटे. नरेन्दरसिंघ छाबड़ा, डायरेक्टर फाउंडेशन चेयर रोटे. अंकित अग्रवाल, डायरेक्टर पब्लिक इमेज रोटे. संतोष नाहार, सर्जेन्ट एट आर्मस रोटे. एडवोकेट विक्रम भूते, डायरेक्टर मीडिया रोटे. आशीष साहू, डायरेक्टर मेडिकल सर्विस रोटे. डॉ. प्रदीप मेश्राम और को-चेयर इंटरनेशनल सर्विस रोटे. बलविंदर पाल सिंग राजपूत मौजूद थे।

## 15 वर्ष पहले निर्माण फिर लगातार हुई उपेक्षा :
# पुलपुट्टा में सड़क की बदहाली बनी किसानों का सिरदर्द

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बालाघाट जिले की विधानसभा क्षेत्र कटंगी-खैरलांजी की ग्राम पंचायत पुलपुट्टा में भगवान बुद्ध की प्रतिमा के पास से लेकर नदी तक की बदहाल सड़क गांव के किसानों के लिए सिरदर्द बनी हुई है. 15 बरस पहले सड़क का निर्माण हुआ था. इसके बाद के वर्षों में सड़क की लगातार उपेक्षा की गई. आज सड़क बदहाली के उस स्तर पर है जहां सड़क पर बैलगाड़ी तो दूर पैदल चलकर खेतों तक जाना भी मुश्किल हो गया है. ग्रामीणों ने इस सड़क की बदहाली के लिए पंचायत को कसूरवार बताया है. दरअसल, ग्राम पंचायत के अधीन आने वाली इस सड़क की पंचायत को समय-समय पर मरम्मत करवानी थी. परंतु पंचायत ऐसा नहीं कर पाई जिस वजह से आज गांव के करीब 100 से अधिक किसान और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. किसानों की माने तो अभी खेतों में खेती-किसानी का काम चल रहा है. ऐसे में किसानों का हर दिन खेतों में आना जाना होता है. किसानों को ना सिर्फ पैदल चलने में परेशानी होती है बल्कि ट्रेक्टर जैसे वाहन भी सड़क में फंसते है।

किसानों ने बताया कि बीते कई वर्षों से उन्हें इस कीचड़नुमा सड़क से दो चार होना पड़ता है. सड़क नहीं बनने की स्थिति में किसान को अपने खेत तक पहुंचने के लिए बड़ी जद्दोजहद का सामना करनी पड़ती है. पुलपुट्टट्ट के किसानों ने बताया कि रास्ते में अत्यधिक कीचड़ होने के कारण हम किसानों का पैदल निकलना तो दूभर होता ही है साथ ही ट्रैक्टर, बैलगाड़ी निकालने में भी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है. ट्रैक्टर, बैलगाड़ी कीचड़ में फंस जाते हैं. इसके चलते किसानों को बारिश के दिनों में पौध को एक स्थान से दूसरे स्थान के खेतों तक लाने में बड़ी जद्दोजहद का सामना करना पड़ता है. किसानों ने बताया कि बीते कई वर्षों से पंचायत से सड़क के निर्माण की मांग की जा रही है. मगर, पंचायत किसानों और ग्रामीणों की मांग को अनसुना कर रही है।